गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 12.07.2013

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक आज दिनांक 12.07.2013 को सायं 05:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में कुलपति डॉ0 लक्ष्मण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सम–कुलपति प्रो0 एम.एस.के. खोखर, कुलसचिव (कार्यवाहक) प्रो0 आई.डी. तिवारी, अधिष्ठाता छात्रकल्याण–प्रो0 एस.व्ही.एस. चौहान, कुलानुशासक–प्रो0 प्रदीप शुक्ला, प्रो0 एस.के. चतुर्वेदी, प्रो0 जी.के. पात्रा, प्रो0 एल.पी. पटैरिया, प्रो0 एस.एस. सिंह, प्रो0 व्ही.एस. राठौर प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 व्ही. डी. रंगारी, डॉ0 भारती अहिरवार, डॉ0 मोनिका भदौदिया एवं डॉ0 प्रवेश दलई ने भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये :–

01. शैक्षणिक सत्र 2013–14 में विश्वविद्यालय शिक्षण संस्थान में संचालित पाठ्यक्रमों में रिक्त स्थानों के विरूद्ध दिनांक 15.07.2013 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आवेदन जमा करने तथा उसी दिन सायं 05:30 बजे तक प्रवेश दिये जाने का निर्णय लिया गया। विभागों का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ggu.ac.in पर उपलब्ध है।

02. प्रो0 एल.पी. पटैरिया को सत्र 2013–14 के लिए विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त करते हुए 31 अगस्त, 2013 तक चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कराये जाने का निर्णय लिया गया।

मीडिया प्रभारी